सीखती सिखाती अरवरी नदी



राजेन्द्र सिंह

तरुण भारत संघ

तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति के.आर. नारायणन्, राजस्थान के महामहिम राज्यपाल अंशुमान सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अरवरी नदी का काम दिखाते हुए

जबर सागर (हमीरपुर)

सीखती सिखाती अरवरी नदी

राजेन्द्र सिंह

तरुण भारत संघ
भीकमपुरा–किशोरी, थानाग़ाज़ी, अलवर–301 022

प्रथम संस्करण : मई, 2014

लेखक : राजेन्द्र सिंह

सहयोग : कन्हैयालाल गुर्जर, छोटेलाल मीणा,
मुरारीलाल शर्मा, गोपाल सिंह,
मौलिक सिसोदिया, रेनू सिसोदिया

ग्राफिक्स : राहुल सिसोदिया

प्रकाशक : तरुण भारत संघ,
भीकमपुरा, किशोरी, थानाग़ाज़ी
अलवर-301 022 (राजस्थान)
दूरभाष : 01465-225043

वितरक : जल बिरादरी
34/24, किरण पथ, मान सरोवर
जयपुर-302 020
दूरभाष : 0141-2391092

E-mail : watermantbs@yahoo.com
jalpurushtbs@gmail.com

मूल्य : 50.00 रुपये

समर्पण



भारत की नदियों व गंगा माँ के प्रवाह को निर्मल व अविरल बनाये रखने के लिए आत्मोत्सर्ग हेतु तत्पर एवं पूर्ण समर्पित 'स्वामी श्री ज्ञानस्वरूप सानन्द' (प्रो. जी.डी. अग्रवाल); परम्परागत जल संरक्षण कार्यों को वैज्ञानिक स्तर पर सफल सिद्ध करने वाले सी.एस.ई., नई दिल्ली के पूर्व निदेशक स्व. डा. अनिल अग्रवाल; सुप्रसिद्ध सर्वोदय विचारक स्व. श्री सिद्धराज ढड्ढा; जल संरक्षण के तकनीकी पहलू को वैज्ञानिक आधार पर एवं प्रायोगिक स्तर पर सुस्पष्ट समझाने वाले प्रो. राशिद हयात सिद्दीक़ी; ग्रामीण स्तर पर अरवरी नदी को देश दुनिया में एक सफल आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने वाले प्रथम अरवरी-सांसद स्व. श्री छाजू राम गुर्जर (समरा); स्व. रामचन्द्र मीणा (कालेड़); स्व. सेढूराम गुर्जर (दारोलाई); स्व. सून्दरा पटेल (भाँवता); श्री धन्ना पटेल (कोल्याला); श्री रूड़मल मीणा (हमीरपुर); पूर्व अरवरी-सांसद श्री अर्जुन गुर्जर (कोल्याला); श्रीमती मनभर (भाँवता); श्रीमती रूपा (भूरियावास) एवं वर्तमान अरवरी सांसद श्री दयाभान जी शर्मा को सादर समर्पित।

प्रस्तावना

'सीखती सिखाती अरवरी नदी' पुस्तक देश भर की सूखी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए अरवरी क्षेत्र के सफल सामुदायिक प्रयासों के प्रभाव को दर्शाती है। वैसे तो इस नदी के बारे में देश भर के बड़े-बड़े लेखक, वैज्ञानिक एवं विद्वज्जन समय-समय पर हिन्दी व अंग्रेजी में अपने लेखों, पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं एवं सम्पादकीय आदि के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते रहे हैं; पर प्रस्तुत पुस्तक में अरवरी नदी जलागम क्षेत्र के स्थानीय जन-समुदाय द्वारा जल-संकट के समाधान, अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के लिए संघर्ष और ग्राम-स्वावलम्बन की दिशा में किये गये कार्यों का संक्षेप में दिग्दर्शन किया गया है। पूर्व में इस नदी के बारे में विस्तार से लिखने वालों में सर्व श्री जसभाई पटेल, स्व. अनिल अग्रवाल, प्रो. जी. डी. अग्रवाल, श्री के.जी.व्यास, अनुपम मिश्र, प्रो. मोहन श्रोत्रिय, अविनाश, प्रो. एम. एस. राठौर एवं अरुण तिवारी आदि विद्वज्जन प्रमुख हैं। इनके अलावा श्री ललित बहल व आमिर खान जैसे प्रख्यात फिल्म-निर्माताओं ने तो इस नदी के पुनर्जीवन पर फिल्में भी बनाई हैं। अरवरी नदी को आज पूरे देश और दुनिया में जाना जाता है। यह नदी जल-स्रोतों का दोहन कर के सजल नहीं हुई, बल्कि बाढ़ और सुखाड़ का समाधान कर के सदानीरा बनी है।

अरवरी नदी के पुनर्जन्म पर सबसे पहले 1996 में जसभाई पटेल ने एक अंग्रेजी पुस्तक लिखी थी। एक बहुत बड़े वैज्ञानिक होते हुए भी उन्होंने अरवरी नदी के पुनर्जीवन को एक हैरत अंगेज करिश्मा कहा था। प्रो. जी. डी. अग्रवाल ने इस नदी क्षेत्र के गाँवों का सर्वेक्षण कर मूल्यांकन करते हुए कहा था - "यहाँ के समाज ने जिस परम्परागत विधि से यहाँ पर जल-संरक्षण कार्य किया है; वही दुनिया की सबसे सरल, टिकाऊ व सस्ती विधि है। यहाँ के लोगों ने इस क्षेत्र के भू-जल व अधो भू-जल के भण्डारों को खुले तौर पर देख व समझ कर तदनुसार काम किया है। यहाँ का समाज कम वर्षा-जल में भी संतुलित खेती करने की तरकीब जानता है। हमें यहाँ के समाज से जल संकट से उबरने का तरीक़ा सीखना चाहिये।"

प्रो. मोहन श्रोत्रिय व अविनाश ने 'अरवरी नदी के पुनर्जन्म की कथा' में लिखते हुए बताया है कि अरवरी नदी जलागम क्षेत्र के लोगों ने अपनी नदी को पुनर्जीवित कर के दुनिया को एक नई राह दिखाई है। यहाँ के लोग दुनिया भर में व्याप्त जल-अभाव से उत्पन्न संकट को बख़ूबी समझते हैं। प्रो. एम. एस. राठौर ने अरवरी नदी के पुनर्जीवन पर एक विधिवत् शोध कर के यहाँ के लोगों की अद्भुत सूझबूझ और संयमित अनुशासन का सम्मान करते हुए कहा है कि 'अरवरी नदी' क्षेत्र के लोग अब इक्कीसवीं शताब्दी के दूसरे दशक में, कथित आधुनिक विकास की राह पर दौड़ते हुए विश्व को, भयावह जल-संकट के समाधान का परम्परागत व स्व-परीक्षित उपाय सिखाते हैं। अरवरी क्षेत्र के लोगों ने अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में बसे हुए सभी गाँवों का एक 'नदी घाटी संगठन' (अरवरी संसद्) बना कर एक बड़े करिश्मे का काम किया है। 'अरवरी संसद्' नामक यह संगठन, कम से कम वर्षा-जल की उपलब्धता में भी देश और दुनिया को जीना सिखाता है तथा उन्हें, मरती हुई नदियों को पुनर्जीवित करने की राह पर चलना भी सिखाता है। जल संरक्षण के प्रभाव को वैज्ञानिक दृष्टि से समझने के लिए आस्ट्रेलिया की वैज्ञानिक शोधार्थी श्रीमती क्लेयर भी यहाँ शोध करने आई थी। उसने अरवरी क्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थलों पर जल-संरक्षण के कार्यों का काफ़ी गहराई से अध्ययन करके, यहाँ के काम के प्रभाव को दर्शाया है।

हमारे देश के महामहिम राष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन् भी 28 मार्च 2000 को अरवरी नदी क्षेत्र के लोगों का करिश्मा देखने और उनका उत्साह बढ़ाने हेतु स्वयं अरवरी नदी पर आये थे। दर असल वे विभिन्न विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से अरवरी क्षेत्र के लोगों द्वारा पानी के काम हेतु किये गये प्रयासों की प्रशंसा सुन चुके थे। वे उनके सफल प्रयासों से प्रभावित होकर पुरस्कार देने हेतु उन्हें राष्ट्रपति भवन (दिल्ली) में बुलाना चाह रहे थे। पर अरवरी क्षेत्र के लोगों ने उनको विनम्रता पूर्वक संदेश भेजा कि राष्ट्रपति जी ! यदि आप हमारे काम से सचमुच प्रभावित हैं; तो आपको यहाँ स्वयं आकर हमारे कामों को प्रत्यक्ष देखना चाहिये। स्वयं देखने के बाद ही पुरस्कार देंगे तो हमें अच्छा लगेगा। इस बात को माननीय राष्ट्रपति जी ने बड़ी प्रसन्नता से स्वीकार किया। उन्होंने आते

समय वायुसेना के विमान में बैठे–बैठे जब अरवरी नदी जलागम क्षेत्र की हरियाली को देखा, तो आश्चर्य–चकित हो गये थे। उन्होंने आनन्द–विभोर हो कर कहा था कि लोगों के संगठन और उनके परम्परागत ज्ञान से कैसे एक नदी क्षेत्र एकदम हराभरा हो गया है ! महामहिम ने यहाँ आने के बाद यहाँ के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा था– **''भारत में असली स्वराज्य सच में आप जैसे लोगों के प्रयासों से ही आ सकता है। आपने वर्षा–जल का संरक्षण कर के अरवरी नदी को पुनर्जीवित करने का एक पुनीत कार्य किया है। मैं आग्रह करता हूँ कि पूरे देश भर में जहाँ भी इस तरह के कामों की ज़रूरत हो, वहाँ का समाज अवश्य ऐसे काम करे।''**

महामहिम राष्ट्रपति जी के अलावा 'अरवरी नदी' व 'अरवरी संसद्' का काम देखने केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री सुन्दर लाल पटवा, जल संसाधन मंत्री श्री सोमपाल शास्त्री व केन्द्रीय जल–संसाधन मंत्री प्रो. सैफुद्दीन सौज़ भी यहाँ आये थे। श्री सौज़ साहब ने अरवरी नदी में हुए कार्यो को देख कर यहाँ के लोगों द्वारा वाष्पीकरण रहित परम्परागत तकनीक से किये गये भू–जल संरक्षण के काम की प्रशंसा करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी और इस बाबत उन्हें दो पृष्ठ का एक बधाई–पत्र भी लिखा था।

अरवरी नदी में मछलियों के ठेके के कारण उठे विवाद को मिटाने के लिए दिसम्बर 1998 में न्यायमूर्ति श्री वैंकट चलैया जी (पूर्व मुख्य न्यायाधीश), उच्चतर न्यायालय के निर्देशन से न्यायमूर्ति श्री गुलाब चन्द गुप्ता, मुख्य सचिव श्री मीठालाल मेहता एवं उप कुलपति श्री टी.के. उन्नीथान भी यहाँ आये थे। उन्होंने यहाँ पर उपस्थित 7000 लोगों के समक्ष अरवरी नदी के विवाद को मिटाते हुए कहा कि ''भारत के सांवैधानिक क़ानून के अनुसार तो यह नदी, राजस्थान सरकार की ही है; पर प्रकृति प्रदत्त क़ानून के अनुसार यह नदी, अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में बसे सभी 72 गाँवों की है। इसके जल व मछलियों आदि का संरक्षण व उपयोग करने का हक़ उक्त सभी गाँवों का ही होना चाहिए। लेकिन जब तक कोई लोकतान्त्रिक ढाँचा नहीं बन जाता, तब तक इसकी देखभाल राजस्थान सरकार करे।'' इस निर्णय की अनुपालना में ही तो एक सशक्त लोकतान्त्रिक ढाँचे के रूप में 'अरवरी संसद्' का गठन हुआ था।

राजस्थान के, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्व. बी. एस. सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रामलुभाया ने भी अरवरी नदी क्षेत्र का अवलोकन कर के कहा था कि राजस्थान के जल-संकट का समुचित समाधान व एकमात्र उपाय यह 'सामुदायिक विकेन्द्रित जल-प्रबन्धन' ही है। समाज जब इस तरीक़े से काम करने लग जायेगा, तो स्वत: ही पानीदार बन जायेगा।

कर्नाटक के जल-संसाधन मंत्री श्री एच. के. पाटिल ने भी अरवरी नदी क्षेत्र के लोगों की प्रशंसा करते हुए भरी सभा में उन्हें बधाई दी और कहा कि हम भी आप लोगों से सीख लेकर अपने क्षेत्र की 'ईचन हल्ला' नदी पर इसी तरह का काम करेंगे। उड़ीसा के मंत्री ने भी अरवरी नदी के कामों को देख कर कहा कि हम भी अपने राज्य में ऐसा ही काम करेंगे।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री रघुवंश प्रसाद सिंह ने तो अरवरी नदी क्षेत्र में स्थानीय लोगों की जन-भागीदारी से किये गये कार्यों को देख कर ही 'नरेगा' योजना का ढाँचा तैयार किया था। इस योजना में जल-संरक्षण कार्यों को ही प्राथमिकता दी गई थी और अरवरी क्षेत्र में किये गये जल-संरक्षण कार्यों को ही 'नरेगा' के कार्यों का आधार बनाया गया था। लेकिन दुःखद बात है कि 'नरेगा' आज 'मनरेगा' तो बन गया, पर अरवरी की तर्ज़ पर काम नहीं हो पाया।

उक्त लोगों के अलावा देश भर के लगभग सभी राज्यों से तथा पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, जर्मनी, जापान, स्वीडन, इटली, यू. के., अमेरिका, इंग्लैण्ड तथा अन्य देशों के भी अन्तर्राष्ट्रीय मेहमान 'अरवरी नदी' व यहाँ के लोगों का करिश्मा देखने व समझने समय-समय पर आते रहे हैं। अपने देश में वापस जाकर वे यहाँ पर देखी-समझी तरकीब को अपने-अपने क्षेत्र में आजमाते व अपनाते भी हैं। पिछले 25 वर्षों में यहाँ पर किये गये जल-संरक्षण कार्यों तथा लोगों के संगठन को देखने-समझने हेतु यहाँ पर लाखों की संख्या में देशी-विदेशी मेहमान आ चुके हैं और अभी भी उनका आना-जाना जारी है।

अरवरी नदी के पुनर्जीवन की कहानी और इसके प्रबन्धन के लिए बनी 'अरवरी संसद्', दोनों ही सरल, सहज और सामुदायिक कार्य हैं। जिस सरलता और सहजता से समुदाय ने ये काम सम्पादित किये हैं, वैसे ही कामों से दूसरी सूखी और मरी हुई नदियों को भी समाज अपने ही श्रम, समझ व संगठन से

निश्चित ही पुनर्जीवित कर सकता है। बस! जरूरत है तो केवल आत्म-बल, मनोबल और दृढ़ इच्छा शक्ति की। जिस तरह का काम और जैसा संगठन अरवरी नदी क्षेत्र में हुआ है, वैसा ही काम पूरे देश में होना चाहिये। यह बात, यहाँ पर सीखने के लिए आने वाले लाखों लोगों ने अपने अरवरी भ्रमण के दौरान तथा अन्यत्र भी जाकर कही है। अरवरी नदी क्षेत्र के 'ताल, पाल व झाल' ने इस क्षेत्र के भू-जल भण्डारों को भर कर नदी को पुनर्जीवित कर शुद्ध सदानीरा बनाया है। इसी तरह से आज पूरे समाज को भी सदानीरा बनाने की ज़रूरत है।

यह पुस्तक हमें ऐसा ही करने की प्रेरणा देने वाली पुस्तक है। इस पुस्तक में एक नदी घाटी की धरती पर वहाँ के लोगों द्वारा किये गये 28 सालों के कामों के सफल प्रयासों के प्रभाव का वर्णन है। यह पुस्तक लोगों द्वारा पानी के लिए किये गये भौतिक कार्यो का तो वर्णन नहीं करती; लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्यो के प्रभावों को बताने व दिखाने का सरलतम उपाय अवश्य खोजती है। यह पुस्तक आँखों देखा बदलाव, मन में हुआ अहसास तथा कुछ अच्छा करने का आभास कराती है।

इस पुस्तक में अरवरी जल-विवाद को मिटा कर नदी की लोकतान्त्रिक व्यवस्था बनाने की एक छोटी-सी कहानी है। यह कहानी मरती हुई छोटी-बड़ी नदियों को पुनर्जीवित करने तथा लोकतान्त्रिक व्यवस्था को सफल एवं समय सिद्ध अनुभवों की दास्तान बना सके; ऐसी मेरी सद् इच्छा है। इसी से तो सीख ले कर सरसा, भगाणी-तिलदह, जहाज वाली, रूपारेल, साबी व महेश्वरा नदियाँ (राजस्थान); इलाहाबाद की नदियाँ (उत्तर प्रेदश); माँ अग्रणी नंदी (महाराष्ट्र) व ईचन हल्ला नदी (कर्नाटक) के बाशिन्दों ने सफलता पाई है। मेरी इच्छा है कि अरवरी की तरह ही देश की अन्य सभी छोटी नदियाँ सामुदायिक प्रबन्धन के द्वारा पुनर्जीवित हो कर शुद्ध सदानीरा बनें। इसी उद्‌देश्य को ध्यान में रखते हुए यह पुस्तक लिखी गई है।

'सीखती सिखाती अरवरी नदी' पुस्तक हम अपने उपाध्यक्ष प्रो. जी. डी. अग्रवाल (वर्तमान में स्वामी ज्ञान स्वरूप सानन्द) को सादर समर्पित करते हैं। स्वामी जी ने 'माँ गंगा' को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए अब अपना शेष जीवन गंगा माँ को समर्पित कर दिया है।

अरवरी नदी भी गंगा माँ की ही एक छोटी-सी धमनी है। आपने गंगा माँ के साथ-साथ इस धमनी को भी पुनर्जीवित कर स्वस्थ रखने का कार्य इस क्षेत्र के समुदाय व तरुण भारत संघ के साथ मिल कर किया है। यह पुस्तक प्रो. जी. डी. अग्रवाल (वर्तमान में स्वामी ज्ञान स्वरूप सानन्द) को समर्पित करते हुए अपने आप को धन्य मानते हैं।

इनके अलावा यह पुस्तक उन सभी जल-प्रेमियों को भी सादर समर्पित है, जिन्होंने अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में जल, जंगल, ज़मीन व जन-भागीदारी के लिए तन-मन-धन से पुनीत कार्य किया है। अरवरी नदी को पुनर्जीवित करने हेतु लोगों को जोड़ने में इन लोगों की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही है, जो आज हमारे बीच नहीं हैं- स्व. गोपाल सिंह, सून्दरा गुर्जर, (भाँवता); छींतर डोई, हरसाय डोई, नाथू कोली (कोल्याला); रामधन मीणा (सेवा का गुवाड़); रामचन्द्र मीणा (कालेड़); बद्री गुर्जर (देव का देवरा); छाजू राम गुर्जर (समरा); सेढू गुर्जर (दारोलाई); प्रभात गुर्जर (चैनपुरा); तेजाराम गुर्जर (बाग़ की ढाणी-रायसर); राम प्रताप गुर्जर (बराणा की ढाणी) आदि।

इनके अलावा जिन लोगों का आज भी निरन्तर सहयोग मिलता रहता है, उनमें प्रमुख हैं- सर्व श्री धन्ना गुर्जर, अर्जुन गुर्जर, (कोल्याला); छोटेलाल गुर्जर, राम सहाय 'मास्टर जी' (भाँवता), वीरेन्द्र सिंह 'मास्टर जी' (पड़ाक); दयाभान जी शर्मा (प्रतापगढ़); गजराज सिंह जी (जगन्नाथपुरा); रूड़मल मीणा, शम्भु दयाल 'मास्टर जी' (हमीरपुर); मूलचन्द पटेल (राज्याली-समरा); चुन्नी लाल गुर्जर, (ग्यार्‌या-समरा); गोपी गुर्जर, हीरालाल 'बाबूजी'(चौक्याला-कालेड़); रामप्रताप जी (खान्याँ), नानगराम मीणा (बस्सी) आदि। इन सभी को यह पुस्तक समर्पित करते हुए अपने आप को गौरवान्वित अनुभव करते हैं।

इस पुस्तक को लिखने में मेरे साथ गोपाल सिंह व कन्हैया लाल ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेनू सिसोदिया, मौलिक सिसोदिया छोटे लाल मीणा एवं मुरारी शर्मा ने भी सर्वेक्षण व साक्षात्कार करने में सहयोग किया है। रेनू सिसोदिया ने सर्वेक्षण सारणी का विश्लेषण करने का काम भी किया है। इन सबके सहयोग के बिना इस पुस्तक को तैयार करना सम्भव नहीं था।

राजेन्द्र सिंह

रामजीपुरा तरुणशाला में महिला मीटिंग



अरवरी किनारे पहुँचे शान्ति प्रतिष्ठान के अनुपम मिश्र, एफ.ए.ओ. (नेपाल) के प्रेम शर्मा और हमीरपुरवासी

भौगोलिक परिचय

अरवरी नदी का उद्गम राजस्थान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित अलवर जिले की तहसील थानाग़ाज़ी व जयपुर जिले की तहसील जमुवा रामगढ़ व विराटनगर के कुछ हिस्से से होता है। अरवरी नदी की एक मुख्य धारा तहसील थानाग़ाज़ी के आगर गाँव के पास काँकड़ की ढाणी व धोली दाँती-सेवा का गुवाड़ा से तथा दूसरी धारा भाँवता-कोल्याला(भूरियावास) से प्रारम्भ होती हुई दक्षिण दिशा में आगे को बढ़ जाती है। एक अन्य धारा जोधूला व आमका से चलकर पड़ाक गाँव से होती हुई चौसला गाँव के पास मुख्यधारा में मिल जाती है। ये तीनों धाराएँ प्रतापगढ़ से आगे चाँदपुरा के पास, अरवरी नदी के मुख्य उद्गम 'शिव दहड़ा' की धारा, जो नागेल दारोलाई, लालपुरा व माधोगढ़ से शुरू होकर आती है; उससे मिल जाती है। इसी में लोठावास व पलासाना से आने वाली धारा भी आकर मिल जाती है। आगे हमीरपुर के पास भी कई छोटे-बड़े नालों का पानी अरवरी नदी की मुख्य धारा में आकर मिल जाता है। एक अन्य धारा भाँवता-कोल्याला के 'भैंरूदेव लोक वन्यजीव अभयारण्य' से शुरू होकर खरड़ाटा, डूमोली, साँवतसर, झिरी व जगन्नाथपुरा होते हुए समरा गाँव के पास आकर मुख्य धारा में मिल जाती है। जैतपुर गूजरान व नटाटा से होकर एक धारा और आती है, जो कलजपुरी के बाँध को भरती हुई सैंथल सागर से पूर्व ही मुख्य अरवरी नदी में मिल जाती है। ये सब धाराएँ आपस में मिलती हुई अंत में 'सैंथल सागर' में समाहित हो जाती हैं। यही मुख्य अरवरी नदी है।

अरवरी नदी की एक मुख्य सहायक धारा जो 'बिड़ीला नदी' के नाम से जानी जाती है। यह जयपुर जिले की जमुवा रामगढ़ तहसील के चलपली, धीरावास, बहलोड़, चैनपुरा व रायसर गाँवों से गुजरती हुई खरड़ बाँध को भरती हुई आगे बढ़ती है। इसी बाँध में एक धारा सामरेड़ की ओर से तथा एक धारा महँगी की ओर से भी आकर मिलती है। खरड़ बाँध को भरने के बाद अरवरी नदी की यह सहायक धारा सायपुर, आँधी, थली व जगतसर होते हुए अंत में 'सैंथल सागर' में जाकर मिल जाती है।

सैंथल सागर को भरने के बाद अरवरी नदी नाभाला, सैंथल व पीलवा के पास से होती हुए नाँगल दासा के पास सरसा नदी को भी अपने में मिला लेती है। इससे आधा एक किलोमीटर ही आगे चलकर ये दोनों संयुक्त नदियाँ जहाजवाली नदी और भगाणी-तिलदह नदियों को भी अपने में समाहित करती हुई अपना नाम 'साँवाँ नदी' के रूप में बदलकर बाँदीकुई के झूथाहेड़ा कलाँ व बैजूपाड़ा गाँवों के पास 27 डिग्री 02 मिनट 35 सैकण्ड उत्तरी अक्षांश व 76 डिग्री 46 मिनट 48 सैकण्ड पूर्वी देशान्तर पर बाण गंगा में विलीन हो जाती हैं। बाण गंगा (उतंगन नदी) आगे रेहावली का पुरा व रीथल गाँवों के बीच 26 डिग्री 59 मिनट 01 सैकण्ड उत्तरी अक्षांश व 76 डिग्री 26 मिनट 49 सैकण्ड पर यमुना नदी में मिल जाती है। यमुना नदी प्रयाग (इलाहाबाद) में जाकर राष्ट्रीय नदी गंगा जी में समाहित हो जाती है और गंगा जी अंत में 'गंगासागर' में जाकर सागर-स्वरूप हो जाती है, जिसका दर्शन हमें एक विशाल समुद्र के रूप में होता है।

अरवरी नदी का जलागम क्षेत्र मुख्यतः पहाड़ी क्षेत्र है। पहाड़ियों के बीच की ज़मीन ही खेती के उपयोग में आती है। यहाँ की मिट्टी दोमट व कहीं-कहीं पथरीली है। दोमट मिट्टी फ़सल के लिए तथा पथरीली मिट्टी पेड़-पौधों के लिए उपयोगी है। विश्व के मानचित्र में अरवरी नदी जलागम क्षेत्र 27 डिग्री 00 मिनट 37.5 सैकण्ड से 27 डिग्री 20 मिनट 57 सैकण्ड उत्तरी अक्षांश तथा 76 डिग्री 4 मिनट 15 सैकिण्ड पूर्वी देशान्तर से 76 डिग्री 17 मिनट 36 सैकण्ड पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। अरवरी नदी का जलागम क्षेत्र 492 वर्ग किलोमीटर है। अरवरी नदी में ऊपरी क्षेत्र के गाँव काँकड़ की ढाणी से सैंथल सागर तक की सीधी दूरी 35 किलोमीटर तथा नदी में घुमावदार दूरी 45 किलोमीटर है। इसके सबसे ऊँचे पर्वत शिखर का लेवल समुद्र तल से 710 मीटर है। तलहटी में इस जलागम क्षेत्र के सबसे ऊपर के गाँव काँकड़ की ढाणी का लेवल समुद्र-तल से 479 मीटर ऊपर तथा सबसे नीचे के क्षेत्र सैंथलसागर का लेवल समुद्र तल से 335 मीटर ऊपर है। इस प्रकार काँकड़ की ढाणी से सैंथल सागर तक सीधा ढाल प्रति कि.मी. 4.11 मीटर तथा घुमावदार नदी का औसत ढाल प्रति कि.मी. 3.20 मीटर है।

अरवरी नदी के जलागम क्षेत्र में सन् 1985 से 2014 तक तरुण भारत संघ व गाँव के सहयोग से कुल 402 जल-संरक्षण संरचनाओं का निर्माण हुआ है।

अरवरी क्षेत्र में प्रवेश

वर्ष 1985 में मरणासन्न अरवरी नदी को देख कर यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि यह नदी कभी पुनः जीवित भी हो सकती है। अकाल का दौर शुरू हो चुका था। कुओं का जल-स्तर निम्न से निम्नतर होता जा रहा था। पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई थी। सरसा नदी क्षेत्र के गाँव गोपालपुरा में तरुण भारत संघ और गाँव के लोगों की सहभागिता से पानी का काम शुरू हो चुका था। उधर अरवरी नदी अन्तिम साँसें ले रही थी।

यों तो यहाँ की अन्य नदियों का भी यही हाल था, पर अरवरी नदी का सूख जाना, यहाँ के लोगों के लिए ज़्यादा गम्भीर बात थी। क्योंकि यहाँ के बुजुर्गों ने अपने बाल्य-काल में कभी इस नदी को शुद्ध सदानीरा व निर्मल अविरल बहते हुए देखा था। उन लोगों को अब यह सूखी नदी एक बेजान लाश के समान दिखाई दे रही थी। लोग अपनी प्यारी नदी को जीवित तो करना चाहते थे, पर क्या करें? कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। वे कुछ भी कर पाने में असमर्थ थे। और सरकार...... सरकार तो केवल चुनावों के दौरान ही कुछ-कुछ सक्रिय दिखाई देती थी, बाक़ी समय में तो चादर तान के सो ही जाती थी। ग्राम-पंचायतों के पास भी तब इतना बड़ा बजट नहीं होता था, जिससे अपने गाँव में पानी के काम के लिए बढ़ावा दे सकें। निरुपाय गाँव वाले निराश हो कर बैठ गये थे।

इसी दौरान 30 जनवरी से 10 फरवरी 1987 तक श्री सिद्धराज ढड्ढा के नेतृत्व में 'तरुण भारत संघ' ने एक 'ग्राम-स्वराज्य पदयात्रा' शुरू की थी, जो यहाँ के अलग-अलग गाँवों में अलग-अलग लोगों द्वारा



संचालित की गई थी। इसी यात्रा के दौरान फरवरी 1987 के प्रथम सप्ताह में तरुण भारत संघ के कार्यकर्ता पहली बार 'अरवरी नदी' क्षेत्र के हमीरपुर गाँव में पहुँचे थे।

रूड़मल मीणा अपनी पुरानी हवेली में जेवड़ी (रस्सी) बाँट रहा था। तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं को आया देख कर उसने उनसे परिचय किया। जब उसे मालूम हुआ कि ये लोग एक संस्था 'तरुण भारत संघ' के कार्यकर्ता हैं और पानी के काम में लोगों की मदद करते हैं, तो उसने अपने गाँव में भी पानी का काम करने की गुज़ारिश की। उसे 11 फरवरी 1987 को थानाग़ाज़ी में किये जा रहे किसान-सम्मेलन में आने को कहा गया। इस सम्मेलन में हमारे साथ प्रख्यात सर्वोदयी विचारक श्री सिद्धराज ढड्ढा भी उपस्थित थे। इस सम्मेलन में जल व जंगल संरक्षण के साथ ही साथ देशी खाद-बीज व ग्राम-स्वावलम्बन के बारे में भी बातचीत हुई।

सम्मेलन के बाद एक दिन रूड़मल मीणा तरुण भारत संघ के प्रारम्भिक कार्यालय भीकमपुरा में आया। उसने अपने गाँव हमीरपुर में पानी का काम करने का आग्रह किया। गोपालपुरा का काम उसने देखा था; क्योंकि गोपालपुरा में

उसकी रिश्तेदारी थी। इसलिए वह श्रमदान की पूरी प्रक्रिया से वाक़िफ़ था। उसके आग्रह पर गाँव में जाकर साइट देख कर काम शुरू कर दिया गया। सबसे पहले 'जोगियों वाली जोहड़ी' का काम शुरू हुआ था। इसके बाद तो गाँव में तथा आसपास के अन्य गाँवों में पानी के कामों का एक सिलसिला ही शुरू हो गया।

धीरे-धीरे अरवरी नदी जलगाम क्षेत्र के उद्गम के गाँवों में भी पानी के कामों की शुरूआत होने लगी। देखते ही देखते उद्गम से संगम तक पूरे अरवरी क्षेत्र में पानी के अच्छे-अच्छे काम होते ही चले गये। पानी के इन कामों के प्रभाव से 1990 में अरवरी नदी में फिर से पानी दिखाई देने लगा; जो अक्टूबर माह तक बहता दिखाई दिया। यह देख कर लोगों का हौसला और बढ़ा तथा काम भी तीव्र गति से आगे बढ़ा। सन् 1996 के चौमासे के बाद अरवरी नदी पूरे साल बहने लगी। बस ! अरवरी नदी पुनर्जीवित हो गई और तब से अब तक वह शुद्ध सदानीरा हो कर बह रही है। लोगों को अपनी मेहनत का फल मिल गया। आज वे पूरी तरह से प्रसन्न और संतुष्ट हैं।

पानी के काम से पूर्व की स्थिति के बारे में पूछने पर हमीरपुर के रूड़मल मीणा पानी के संकट से उत्पन्न अपनी दुःखद स्थिति की आपबीती कहानी सुनाते हुए कहते हैं- " संस्था के काम से पूर्व, अकाल के दौरान भीषण जल-संकट के कारण मुझे उदर-पूर्ति व आजीविका के लिए बाहर जाना पड़ा था। मैं मेहनत मज़दूरी के लिए जयपुर चला गया था। बड़ी विषम परिस्थितियों में रहते हुए, मुझे वहाँ कई तरह के अच्छे-बुरे काम करने पड़े थे। वहाँ मेरे ही जैसे अन्य लोगों की भी लगभग यही हालत थी।

रूड़मल मीणा कहते हैं- "इस तरह के काम के दौरान 1987 के प्रारम्भ में मैं जब गाँव आया तो तरुण भारत संघ से सर्म्पक हो गया। बस! तभी से संस्था के साथ जुड़ कर मैं अपने गाँव के लिए तथा दूसरे गाँवों के लिए पानी के काम में यथा सम्भव सहयोग करता रहता हूँ। आज हमारा इलाक़ा पानी के मामले में समृद्ध है। आज हम पानीदार हैं। अब हम सब खुश हैं।

'सीखती सिखाती अरवरी नदी'

19 वीं सदी में शुद्ध सदानीरा बहने वाली 'अरवरी नदी' 20 वीं सदी के उत्तरार्द्ध में सूख गई थी। नदी बेसिन में बसे हुए गावों के जवान लोग पानी के अभाव में शहरों की तरफ पलायन करने लगे थे। गाँव उजड़ने लगे। गाँवों में केवल बुजुर्ग लोग-लुगाई और बच्चे ही बचे हुए थे, जो लाचारी, बेकारी व बीमारी का जीवन जीने को मज़बूर थे।

1987 में अरवरी क्षेत्र के हमीरपुर व भाँवता आदि गाँवों में बचे हुए लोगों ने बादलों की गोद से निकली पानी की बूँदों को ऐसे ढंग से पकड़ना शुरू किया कि उन पर सूरज की टेढ़ी नज़र न लगे। गाँव के लोगों ने अपनी परम्परागत सूझबूझ से, सूख चुके कुओं में उतर-उतर कर, धरती के अन्दर की सलों (परतों) को देखा और परखा। मिट्टी की परख, धरती का ढाल, वर्षा का वेग, बादलों के आपस में टकरा कर बरसने तथा पानी की उपलब्धता आदि बातों का ज्ञान लोगों में जहाँ-तहाँ बिखरा पड़ा था। 'तरुण भारत संघ' ने इसी बिखरे पड़े अनमोल ज्ञान को जोड़ने का काम शुरू किया। बिखरे पड़े इस ज्ञान को जोड़ने की पहल लोगों ने अपनी प्यास बुझाने के काम से की। लोगों ने बादलों से निकली पानी की बूँदों को पकड़ने के लिए जोहड़, तलाई, बाँध, एनीकट,

ताल



गूदड़्या वाला जोहड़ - दारोळाई

चैकडैम, खेत–तलाई, मेड़बन्दियाँ व झालरे आदि भिन्न–भिन्न प्रकार की जल–संरक्षण संरचनाओं का निर्माण 'ताल, पाल और झाल' के सिद्धान्त पर शुरू किया था। यहाँ 'ताल, पाल, व झाल' के बारे में जानना समीचीन होगा।

तालः – यह मिट्टी से बनी एक अर्ध–चन्द्राकार संरचना होती है। ताल को ही विभिन्न क्षेत्रीय बोलियों में जोहड़, जोहड़ी, तालाब, तलाई, तलैया, पोखर, पोखरा, नाडा, नाडी आदि नामों से भी जानते हैं। यह चिकनी मोरम मिट्टी में, जहाँ भी झील या गहराई मिल जाये, वहाँ बनाई जा सकती है।

ताल–निर्माण बहुत पुरानी परम्परा है। सर्वमान्य है कि मानव सभ्यता मुख्यतः नदियों के किनारे ही पनपी है। धीरे–धीरे जब आबादी बढ़ने लगी तो लोगों को नदियों से दूर जाना पड़ा। नदियों से दूर जाने पर स्वाभाविक है कि लोगों को पीने के पानी की समस्या भी आने लगी। 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी होती है।' लोगों ने अपने आवास के आसपास ही वर्षा–जल को संरक्षित करने की विधि खोज निकाली। इस विधि से निर्मित संरचना ही कालान्तर में 'ताल' कहलाने लगी। ताल मुख्यतः पशु–पक्षियों, जंगली जानवरों, तथा मनुष्यों के पीने व नहाने आदि के काम आता है। इसके अलावा ताल से आसपास के कुओं का जल–स्तर भी ऊपर आता है। ताल की पाल पर मिट्टी का कटाव नहीं हो, इस के लिए पाल पर वनस्पति, घास, दूब आदि लगानी चाहिये। ताल के जल को सूरज की नज़र से बचाने के लिए इसकी दक्षिण दिशा में पेड़–पौधे लगाने चाहिये।

तालों के किनारे ही किसी ज़माने में मानव–सभ्यता और सामाजिक संस्कारों ने जन्म लिया था। ताल समाज को प्रकृति का सम्मान करना सिखाते थे और ताल ही उनके जीवन की ज़रूरतें भी पूरी करते थे। ये किसी के निजी लाभ या लालच को पूरा करने के लिए नहीं बनाये जाते थे, बल्कि ये सब के साझे भविष्य और वर्तमान के लिए शुभ का हेतु बनते थे। ये लोगों को जल–संरक्षण हेतु त्याग, तपस्या व श्रम–निष्ठा का व्यवहार करना सिखाते थे। ताल में भरा वर्षा–जल समाज का पुण्य–फल माना जाता था। इसीलिए इस पर सभी का समान हक़ होता था।



भैंरूजी वाला बाँध - कोळ्याळा-भाँवता

ताल भू-जल व अधो भू-जल भण्डारों के लिए स्पंज का काम करता है। यह, वर्षा के जल को अपने अन्दर समा लेता है। धरती के पेट में समाहित यही संरक्षित जल, धीरे-धीरे ताल के नीचे अथवा नदी में प्रवाह पैदा करता है। ताल के इस स्पंजी प्रवाह से ही तो 'अरवरी नदी' प्रवाहित हुई है।

ताल ज़्यादातर नीचे की तरफ़, लेकिन मुख्य धारा से हटकर बनते हैं। इनमें ऊपर से आने वाला पानी ही इकट्ठा होता है। ताल इस एकत्र पानी को जीवन देने का तथा धरती माता को सरस बनाने का काम करते हैं। मनुष्य, पशु-पक्षी व धरती का पेट भरना ही तालों का मुख्य उद्देश्य है। अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में अब तक 184 तालों का निर्माण किया जा चुका है।

पालः- पाल प्रायः समतल अथवा कम ढलान वाली भूमि पर बनाई जाती हैं। समतल भूमि पर पाल सीधी बनाई जाती हैं। कहीं-कहीं ढलान वाली भूमि पर भी पाल सीधापन देकर बना ली जाती है। पाल प्रायः मिट्टी की ही होती है। पाल की डिजाइन(लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, मोटाई व गहराई आदि) जल के दबाव को ध्यान में रख कर तय की जाती है। पाल अधिकतर खेती की ज़मीन पर खेतों के किनारे पर बनाई जाती हैं; लेकिन ये प्रायः नदी बेसिन के मध्य और निचान वाले क्षेत्र में भी बनाई जाती हैं। ये सहज ढलान

व समतलीय भूमि पर ज़्यादा सुरक्षित रहती हैं। बन्ध, बाँध, मेड़बन्दी, खेत-बन्ध, नाला-बन्ध, चैकडैम और छोटे एनीकट आदि का काम 'पाल' के अन्तर्गत ही आता है।

पाल बनाने का काम भी सदियों से होता आया है, लेकिन आज हमारे आधुनिक कथित विकास के तौर-तरीक़ों द्वारा मेहनती लोगों को भी श्रमहीन व आलसी बनाया जा रहा है। अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में अब तक 178 पालों का निर्माण किया जा चुका है।

झाल :- झाल प्रायः ऊपर की तरफ और मुख्य धाराओं में ही बनती हैं। इनका उद्‌देश्य वर्षा-जल को एक नियत स्तर तक रोक कर शेष वर्षा-जल को अपने ऊपर से बह कर जाने देना है। अर्थात् तीखे ढलान पर दौड़ते हुए पानी को चलना सिखाना ही 'झाल' का मुख्य उद्‌देश्य है। ये कभी-कभी तो सीधी तथा कभी-कभी उभय चन्द्राकार बनाई जाती हैं। एक नियत बिन्दु तक वर्षा जल को झेलने के बाद पानी को अपने ऊपर से बह जाने देने वाली जल-संरचना को ही 'झाल' कहते हैं।

अरवरी नदी जलागम क्षेत्र में सैकड़ों झाल बनाये गये हैं, जिनमें भाँवता का 'साँकड़ा बाँध', हमीरपुर में भैंसादह का 'ज़बर-सागर', समरा का 'खजूरी झाल



जबर सागर (हमीरपुर)

वाला एनीकट', कालेड़ का टोडी वाला 'कुंज-सागर' तथा बस्सी का 'नीमड़ी वाला एनीकट' आदि प्रमुख हैं। अरवरी नदी जलगाम क्षेत्र में अब तक 40 झाल-निर्माण कार्य हो चुके हैं।

अरवरी नदी में 1985 के बाद बनी 'ताल, पाल और झाल' जैसी परम्परागत जल-संरचनाओं ने इस नदी को 1996 में पहली बार शुद्ध सदानीरा बना कर एक हैरत अंगेज़ करिश्मा कर दिया। नदी एक बार बहने लगी तो बस! बहने ही लगी। नदी का बहना शुरू होने के बाद कई मौक़े ऐसे भी आये जब वर्षा आधी से भी कम हुई; पर तब भी आज तक यह नदी और नदी क्षेत्र के कुएँ सूखे नहीं।

1996 में जब यह नदी पहली बार बारहमासी बहने लगी तो राजस्थान सरकार ने 30 नवम्बर को नदी में से मछली पकड़ने का ठेका जयपुर जिले के एक ठेकेदार को दे दिया। ठेकेदार के लोग जब मछली पकड़ने आये, तो ग्राम वासियों ने उनको मछली नहीं पकड़ने दिया। सरकार द्वारा हस्तक्षेप करने पर अरवरी नदी क्षेत्र के सभी गाँवों के लोगों ने सरकार के विरुद्ध एक जन-आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन का नाम रखा 'जलचर बचाओ आंदोलन'। अन्त में 11 अप्रैल 1997 को ग्राम वासियों के संगठित आंदोलन के कारण सरकार को अरवरी नदी में से मछली पकड़ने का ठेका रद्द करना पड़ा। राजस्थान सरकार ने जब तरुण भारत संघ के विरुद्ध झूँठे मुक़द्दमे दर्ज कराये, तो अरवरी क्षेत्र के लोगों के आग्रह पर मदद के लिए देश भर के पर्यावरणविद्, उच्च अधिकारी,

जन-सुनवाई (हमीरपुर में)

वैज्ञानिक व समाज सेवी 19 दिसम्बर 1998 को अरवरी नदी की धरती पर आये। इनमें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री गुलाब सी. गुप्ता, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री मीठालाल मेहता व राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री टी. के. उन्नीथान आदि प्रमुख हैं। जन–सुनवाई के दौरान इन लोगों ने अरवरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएँ सुनीं और उनके समाधान के लिए कुछ निर्णय भी दिये। प्रमुख निर्णय इस प्रकार हैंः–

1. अरवरी नदी राजस्थान सरकार की है।
2. प्रकृति प्रदत्त अधिकार के तहत अरवरी नदी को जिन 72 गाँवों ने मिलकर पुनर्जीवित किया है, यह उनकी साझी नदी है। इसलिए इन लोगों को इसका पानी उपयोग में लेने तथा जल–जन्तुओं को संरक्षित करने का नैतिक अधिकार है।
3. जब तक अरवरी नदी की कोई लोकतान्त्रिक प्रबन्धीय व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक इस नदी की देखभाल राजस्थान सरकार करेगी।

इस फ़ैसले को सुनकर अरवरी नदी बेसिन से आये हजारों लोग(लगभग 7000) खिन्न हो गये; लेकिन उन्हें समझाया गया कि नैतिक दृष्टि से हमें न्यायाधिकरण द्वारा दिये गये इस फ़ैसले का सम्मान करते हुए इसका पालन करना चाहिये। इसके साथ ही लोगों को यह भी कहा गया की अब शीघ्र ही अरवरी क्षेत्र के सभी गाँवों को एक लोकतान्त्रिक प्रबन्धीय व्यवस्था अर्थात् 'नदी संसद्' बना लेनी चाहिये। जल्दी ही अरवरी क्षेत्र के सभी गाँवों ने मिलकर 26 जनवरी 1999 को एक 'नदी संसद्' का गठन कर लिया। इस नदी संसद् का नाम रखा गया 'अरवरी संसद्' ।

अरवरी संसद् गठन के तुरन्त बाद अरवरी क्षेत्र के सभी 72 गाँवों के सर्व–सम्मत 162 सदस्यों की सूची बनाकर सबकी सहमति से न्यायमूर्ति श्री गुलाब सी. गुप्ता को सौंप दी गई; जिसे पढ़ कर उन्होंने मुख्य सचिव श्री मीठलाल मेहता को इसे नोटीफाइड करने के लिए दे दिया। लेकिन बडे.दुःख की बात है कि राजस्थान सरकार ने उस सूची को आज तक भी नोटीफाइड नहीं किया।

इतना सब होने के बावजूद 1999 में बनी यह अरवरी संसद् स्थानीय स्तर पर सतत् रूप से अपना कार्य कर रही है। अरवरी संसद के सदस्यों का चयन प्रत्येक गाँव की ग्राम-सभा ने दो प्रमुख विशेषताओं के आधार पर किया है-

1. जिन लोगों ने अरवरी नदी जलगम क्षेत्र में ग्राम-संगठन बना कर श्रमदान कर के जल, जंगल, जमीन व जंगली जीवों को बचाने का काम स्वयं किया हो।
2. दूसरे वे लोग, जिन्होंने जल-संरक्षण कार्यों के लिए लोगों को शिक्षण-प्रशिक्षण दे कर लोक-सहयोग व सहभाग बढ़ाने में योगदान दिया हो तथा पानी को शोषण, प्रदूषण व अतिक्रमण मुक्त बनाने हेतु ग्राम-सभाओं को सशक्त व सक्रिय करने का काम किया हो। अरवरी संसद् में इन दोनों तरह के लोगों को ही सर्व-सम्मति से सदस्य बनाया गया है।

अरवरी संसद् के सदस्यों की इस प्राथमिक सूची को भले ही राजस्थान सरकार ने नोटीफाइड न किया हो, लेकिन यह संसद् पिछले 15 सालों से विधिवत काम कर रही है। अभी तक इस संसद् के 30 अधिवेशन हो चुके हैं। संसद् के लिए निर्णयों की अनुपालना कराने का काम ग्राम-सभाएँ करती हैं; क्योंकि संसद् का मुख्य आधार ग्राम सभाएँ ही हैं। यह

अरवरी जल संसद् का 17वाँ अधिवेशन

संसद् रीति–नीति निर्माण करने के साथ–साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी करती है। गाँवों के आपसी विवादों का निपटारा भी यह संसद् करती है तथा निर्णय का पालन कराने के लिए सम्बन्धित ग्राम सभा के पास भी जाती है।

अब तक हुए 30 अधिवेशनों में यह बात साफ़ हुई कि जहाँ भी जल–ज़रूरत पूरी करने हेतु निर्माण व रचनात्मक कार्य किये जायें, वहाँ पर मानव व प्रकृति के 'शुभ' हेतु अनुशासनात्मक उपयोग व प्रबन्धन करना भी ज़रूरी है। अरवरी संसद् की अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं प्रेरणादायी प्रबन्धन के कारण ही इस वर्ष कम वर्षा होने के बावजूद जून 2013 की भीषण गर्मी में भी समरा से कालेड़ व बस्सी तक यह नदी शुद्ध सदानीरा बन कर बहती रही है। अरवरी नदी का शुद्ध सदानीरा बन कर बहना, हमें सिखाता है कि यहाँ के समाज की सामुदायिक सोच, समझ, निर्णय तथा श्रम–निष्ठा से ही सृजित हो कर देश के सबसे कम वर्षा वाले क्षेत्र राजस्थान को शुद्ध सदानीरा बना कर अरवरी नदी, जो सूखी व मरी हुई थी, फिर से बहने लगी है।

आज देश की हजारों छोटी–छोटी नदियाँ सूख व मर गई हैं। उनको भी अरवरी नदी की तर्ज़ पर ही पुनर्जीवित किया जा सकता है। नदी को पुनर्जीवित करने की मूल शर्त है–

1. बादलों की गोद से निकली हर बूँद (इन्द्रजल) को नदी क्षेत्र में जहाँ भी वह पड़े, वहीं पर पकड़ लेना और धरती के पेट में सुरक्षित रख देना; ताकि नज़र न लगे सूरज की। इसके अलावा धरती के पेट का पानी तथा इसके कारण बहते झरनों का शोषण करने व लूटने के लिए तत्पर राज्य सरकारों व उद्योग पतियों से बचा लेना भी एक ज़रूरी शर्त है।

अरवरी नदी में 1996 में पहली और आखिरी बार सरकार द्वारा मछली पकड़ने का ठेका ठेकेदारों को दिया गया। लेकिन लोगों के संगठित आंदोलन के कारण सरकार को अन्ततः ठेका रद्द करना पड़ा। यदि यहाँ के लोग संगठित हो कर अपने पानी व मछलियों को नहीं बचाते तो यह नदी भी देश की अन्य नदियों

की तरह प्रदूषित हो जाती। इस पर भी जब ठेकेदारों को गाँव वालों ने मछली नहीं पकड़ने दिया तो द्वेषवश उन्होंने नदी में विष युक्त खाद्य डाल कर मछलियों को मार दिया और नदी को प्रदूषित कर दिया था, लेकिन बाद में जब राजस्थान सरकार ने अपनी दूरदृष्टि और सूझबूझ का परिचय देते हुए ठेका रद्द कर दिया, तो इस समस्या से मुक्ति मिली। ठेका रद्द करके सरकार ने अरवरी संसद् को एक तरह से अलिखित मान्यता दे कर यह सिद्ध कर दिया कि सरकार नैतिक रूप से उनके साथ है। यह बात अलग है कि बाद में अलवर ज़िला कलैक्टर ने अरवरी संसद् के नव निर्मित भवन को तुड़वा कर अपनी पद–शक्ति का प्रयोग अवश्य किया था।

इतना सब होते हुए भी अरवरी सांसदों की सूझबूझ के कारण अरवरी संसद् की विधिवत कार्रवाई में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आई। संसद् सदस्य और संसद् के लोग उन पुरानी अप्रिय घटनाओं को याद कर कर के केवल दुःखी तो होते है, पर विचलित नहीं होते। बल्कि अब तो संसद् सदस्य और ज़्यादा तत्परता, समझदारी, संतोष और शान्ति के साथ काम करने लगे हैं। जल–सांसद (संसद्) साल में दो बार जून और दिसम्बर के महीने में–मिलते हैं। अपने छमाही अधिवेशन में ये ऐसे नियम व नीति बनाते हैं, जिन से सब को पानी पर समान अधिकार मिले तथा सब को पानी के प्रति ज़िम्मेदार बनने का भाव बना रहे। अरवरी संसद् व्यक्ति के ज़िम्मेदारी व हक़दारी के रिश्तों को जोड़ती है। इस संसद् में महिलओं व पुरुषों की समान भागीदारी रहती है। संसद् 'नदी नीर व नारी' का सम्मान करती है; इसीलिए यहाँ पर आज भी सहज, सर्वसम्मत और निर्विरोध चुनाव प्रणाली प्रभावी है। इस संसद् ने ग्यारह प्रमुख नियम बनाये हैं जो इस प्रकार हैः–

अरवरी संसद् दलगत राजनीति, साम्प्रदायिक भेदभाव, जात–पाँत और लिंग–भेद आदि से ऊपर उठ कर काम करती है। इस संसद् में लिए गये निर्णयों की पालना करना इस क्षेत्र की सभी ग्राम–सभाएँ अपनी ज़िम्मेदारी व हक़दारी समझती हैं। यह संसद् जल, जंगल, ज़मीन, फ़सल–चक्र व सिंचाई आदि से जुड़े कामों को साझे काम मान कर ही उनका प्रबन्धन कराती है।

अरवरी संसद् का इतिहास अभी बहुत छोटा है। 15 वर्ष पूर्व गठित इस संसद् में काम करने वाले लोग पिछले 28 वर्षो से संस्था के साथ जुड़े हुए हैं। पिछले 15 वर्षों से यह संसद् विधिवत् अपना काम कर रही है। लेकिन इस दौरान पानी के मुद्दे को ले कर कई विवाद भी होते रहे हैं। पहला विवाद राज्य सरकार द्वारा लोगों के श्रम से पुनर्जीवित हुई नदी में स्वतः उत्पन्न हुई मछलियों को मारने का ठेका देना। दूसरा विवाद उद्योगों व उद्योगपतियों द्वारा यहाँ के भू-जल भण्डारों का शोषण कर के पानी का व्यापार करना तथा तीसरा विवाद पानी के बँटवारे को लेकर समाज के ऊँच-नीच व छोटे-बड़े समुदायों में आपसी तनाव पैदा हो जाना।

इन सभी विवादों का समाधान यहाँ के लोगों ने अरवरी संसद् के माध्यम से स्वयं किया। अरवरी नदी में से मछलियाँ पकड़ने के ठेके को रद्द करवाने के लिए इस क्षेत्र के 72 गाँवों ने संगठित हो कर शान्तिपूर्ण तरीके से ठेकेदारों का विरोध किया। विवश हो कर सरकार को मछलियाँ पकड़ने हेतु दिया गया ठेका रद्द करना पड़ा।



अरवरी क्षेत्र (हमीरपुर) में लोगों के साथ मीटिंग

अरवरी नदी बाल–संसद्

अरवरी संसद के वे सब पुराने सांसद, जिनके प्रयासों से अरवरी नदी ज़िन्दा हुई थी; अधिकांश स्वर्ग सिधार गये हैं। अब इसे सम्भालने की ज़िम्मेदारी अगली पीढ़ी के कन्धों पर आ गई। इसलिए नदी को ज़िन्दा रखने के लिए अगली पीढ़ी को तैयार करना ज़रूरी हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए 'तरुण भारत संघ' ने अरवरी नदी जलागम क्षेत्र के सभी स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम का संस्कार पैदा करने का काम शुरू कर दिया है। इस हेतु हमने 20 अगस्त 2013 से प्रतापगढ़ के बाईसीवाला विद्यालय तथा आगर व भाँवता गाँवों में बाल–संसद् निर्माण का कार्य शुरू किया है। बाल– संसद् निर्माण के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ लम्बी चर्चा कर के उनकी इच्छा व सहमति से ही 'नदी बाल–संसद्' का गठन होता है। सभी विद्यार्थी अपनी–अपनी कक्षाओं से प्रतिनिधि चुन कर बाल–संसद् में भेजते हैं। चयनित सांसद 'अरवरी संसद्' पुस्तक को पढ़कर जानकारी इकट्ठी करते हैं; फिर रूपरेखा बना कर संसद् कार्य में जुट जाते हैं।

2 अक्टूबर 2013 को इन सभी विद्यालयों की बाल–संसद् तरुण आश्रम, भीकमपुरा में एकत्र हुई; जहाँ अलग–अलग नदियों की 'बाल–संसदों' ने मिल कर अपनी–अपनी नदियों की एक–एक 'क्षेत्रीय नदी बाल–संसद्' बनाई। अरवरी नदी क्षेत्र के 72 गाँवों ने अपनी जनसंख्या व भू–क्षेत्र के अनुपात में प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित किया। इस बाल–संसद् की निर्माण प्रकिया में कन्हैया लाल, छोटे लाल, सुरेश रैंकवार, रेनू सिसोदिया व मौलिक सिसोदिया की सक्रिय भूमिका है।



आगर गाँव के विद्यालय में बाल–संसद् निर्माण

अरवरी जल–संसद् – ग्रामीण समाज का अभिनव प्रयोग

के.जी. व्यास

अरवरी जल संसद् की कहानी एक छोटी–सी गुमनाम सदानीरा नदी के सूखने और उसके फिर से ज़िन्दा होने की कहानी है, इसलिये पहले इस कहानी से जुड़े घटनाक्रम को समझ लें, फिर पानी और समाज के रिश्तों को जनतांत्रिक स्वरूप देने वाली उन परिस्थितियों की बात करें, जो वांछित परिणाम देने या सूखी नदी को ज़िन्दा करने के लिये ज़िम्मेदार हैं। इस कहानी का विस्तृत विवरण तरुण भारत संघ द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'अरवरी संसद्' में दिया है। नीचे वर्णित विवरण उसी पुस्तक से लिया गया है। विवरण के अनुसार –

1. अठाहरवीं सदी में अरवरी नदी राजस्थान के अलवर ज़िले में प्रतापगढ़ नाले के रूप में पहचानी जाती थी। उस समय इसके कैचमेंट में घने जंगल थे। लोग पशुपालन करते थे और पानी की माँग बहुत कम थी।
2. समय बदला, परिवार बढ़े और बढ़ती खेती ने जंगल की ज़मीन को निगलना शुरू किया। इस बदलाव ने पानी की खपत को बढ़ाया। बढ़ती खपत ने ज़मीन के नीचे के पानी को लक्ष्मण–रेखा पार करने के लिये मज़बूर किया।
3. अरवरी नदी के सूखने की कहानी झिरी गाँव से शुरू होती है। इस गाँव में सन् 1960 के आसपास संगमरमर की खदानों से संगमरमर निकालने (खुदाई) का काम शुरू हुआ। खदानों के शुरू होने के कारण जंगल भी कटे। संगमरमर की खुदाई जारी रखने के लिये खदानों में जमा पानी को लगातार निकाला गया। इस प्रक्रिया ने पानी की कमी को आगे बढ़ाया। अरवरी नदी सन् 1960 के बाद के सालों में सूख गई। झिरी गाँव में पानी का संकट गहराया और धीरे–धीरे संकट आसपास के गाँवों में भी फैल गया।

4. जल संकट के कारण, प्यासे पशुओं को आवारा छोड़ने की परिस्थितियाँ बनने लगीं और रोज़ी रोटी के लिये नौजवान लोग जयपुर, सूरत, अहमदाबाद व दिल्ली की ओर पलायन करने लगे। बचे-खुचे परेशान लोगों ने विधान-सभा के सामने धरना दिया और मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई। समस्या का निदान नहीं मिलने के कारण उनकी आस टूटी और निराशा हाथ आई।

5. इसी कठिन समय में स्वयं सेवी संस्था (तरुण भारत संघ) ने इस इलाक़े को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। गाँव के बड़े बूढ़ों ने उनसे पानी का काम करने को कहा। जोहड़ बनाने का काम शुरू हुआ और फिर एक के बाद एक जोहड़ बनाते गये। ये सब जोहड़ छोटे-छोटे थे और पहाड़ियों के नीचे की ज़मीन पर बनाये गये थे। पहली ही बरसात में उनमें पानी जमा हो गया। यद्यपि अरवरी नदी सूखी रही, पर कुओं में पानी लौटने लगा और लौटते पानी ने लोगों की आस भी लौटाई। सफलता ने लोगों को रास्ता दिखाया और उन्हें एकजुट किया।

6. सन् 1990 में अरवरी नदी में पहली बार, अक्टूबर माह तक पानी बहता दिखा। इस घटना से लोगों का भरोसा मज़बूत हुआ और उनके हौसलों को नई ताक़त मिली। काम और आगे बढ़ा तथा सन् 1995 के आते आते पूरी अरवरी नदी ज़िन्दा हो गई। तब से अब तक वह नदी सदानीरा है।

7. लोगों के मन में सवाल कौंधने लगे - अरवरी नदी को आगे भी सदानीरा कैसे बनाये रखा जावे ? यदि सही इन्तज़ाम नहीं किया तो क्या नदी फिर सूख जायेगी ? इसलिये, गाँव वालों ने अरवरी नदी के पानी को साफ़-सुथरा बनाये रखने तथा नदी के जीव जन्तुओं को बचाने और कैचमेंट के जंगल को सुरक्षित रखने के बारे में खूब सोच-विचार किया तथा ज़रूरी क़दम उठाये।

8. सन् 1996 में राजस्थान सरकार के मछली पालन विभाग ने अरवरी नदी में स्वतः पनप रही मछलियों को मारने का ठेका दे दिया। लोग आन्दोलित

हो उठे और उन्होंने सरकार और प्रशासन के सामने अपना विरोध दर्ज कराया।

9. नवम्बर 1996 में 'जलचर बचाओ आन्दोलन' हुआ। सरकारी ठेकेदार ने फरवरी एवं जून 1997 में अरवरी नदी के पानी में ज़हर डालकर मछलियों की सामूहिक हत्या की। इस घटना ने उद्वेलित लोगों को संगठित किया। उन्होंने पुलिस में रपट लिखाई, पर अपराधियों को छुट्टा घूमते देख गाँव के लोगों ने अपनी निगरानी व्यवस्था बनाई। दोषियों को पकड़ा तथा उन्हें दंडित किया।

उपर्युक्त हालातों ने लोगों को सोचने पर मज़बूर किया कि क्या गाँव जिस प्रकृति के साथ ज़िन्दा रहता है, जिसे अपनी मेहनत से संरक्षित और ज़िन्दा रखता है; जिसके साथ उसका पीढ़ी दर पीढ़ी का रिश्ता है; उस पर स्थानीय समाज का कोई अधिकार नहीं है ? इस मुद्दे पर देश भर के विद्वानों और पढ़े लिखे लोगों की राय जानने के लिये अरवरी नदी के किनारे बसे हमीरपुर गाँव में 19 दिसम्बर, 1998 को 'जन सुनवाई' कराने का फ़ैसला हुआ। इस सुनवाई में 'विश्व जल आयोग' के तत्कालीन आयुक्त श्री अनिल अग्रवाल, राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव एम. एल. मेहता, हिमाचल के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गुलाब सी. गुप्ता, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति टी. के. उन्नीथान, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के तत्कालीन सचिव एस. रिज़वी जैसे अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। तरुण भारत संघ के अरुण तिवारी कहते हैं कि इस जन-सुनवाई में मुद्दई, गवाह, वकील, जज, विचारक, नियंता सब मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जस्टिस गुलाब सी. गुप्ता ने की। गाँव वालों ने बाहर से आये लोगों को ध्यान से सुना और अपनी बेबाक़ राय ज़ाहिर की।

अनिल अग्रवाल ने जन-सुनवाई के दौरान कहा कि "सरकार चाहे नदी, प्रकृति और समाज के हित में क़ानून बनाए या न बनाए; अरवरी नदी और उसके किनारे के 70 गाँवों का समाज यदि जीवंत और टिकाऊ बना रहना चाहता है, तो वह पानी-प्रकृति के उपयोग और नित्य जीवन में संयम के अपने क़ानून

बनाये और ख़ुद ही उनकी पालना भी करे। नदी और उसका पर्यावरण हमारी जीवन-रेखा है। हमें इन्हें बचाये रखना है। इन्हें बचाने के लिये नेताओं वाली संसद् की ओर ताकना छोड़कर अरवरी तट के 70 गाँव मिलकर अपनी जल संसद् का गठन करें। हर गाँव से आबादी के अनुसार सांसद चुनें। यह चुनाव सर्वसम्मति से हो। स्थानीय ग्राम-सभाएँ तथा अरवरी संसद् मिलकर आम सहमति से इसके लिये क़ानून-दस्तूर बनायें। उसी के अनुसार अरवरी का जल प्रबन्धन व संवर्धन हो। 'जल संसद्' के निर्णय सर्वसम्मत व सर्वमान्य हों। ध्यान रहे कि संसदीय व्यवस्था, इन निर्णयों की पालना सुनिश्चित करने की ही व्यवस्था है। ऐसे में समाज तो अरवरी संसद् के क़ानूनों व दस्तूरों की पालना करेगा ही, एक दिन सरकार को भी इनकी पालना करनी पड़ेगी।'' बैठक में मौजूद बहुत सारे लोगों ने भी अपनी-अपनी बात कहीं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष जस्टिस गुलाब सी. गुप्ता ने 'जन सुनवाई' के दौरान अपने फ़ैसले में कहा कि -

''जहाँ तक पानी पर अधिकार की बात है, अधिकार माँगना गाँव वालों का हक़ तो हो सकता है पर ऐसा क़ानून नहीं है। क़ानूनी हिसाब से गाँव वालों की माँग नाजायज़ है। इस तरह तो कोई भी व्यक्ति या संस्था ज़मीन और पानी का संरक्षण करके हक़ माँग सकती हैं; लेकिन वर्तमान क़ानूनों के तहत उन्हें इसका हक़ नहीं दिया जा सकता''।

तरुण भारत संघ के अरुण तिवारी कहते हैं-''भारतीय क़ानून की किताब इसे नाजायज़ मानती है, लेकिन क्या नीति और लोकतंत्र का वह आधार भी इसे ग़लत मानता है, जिस पर भारतीय गणतंत्र की स्थापना हुई है। इसलिये जन सुनवाई के दौरान राय बनी कि .... क़ानून और सरकार चाहे कुछ भी कहे, पर नीति यही कहती है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। अतः पहला हक़ उसी का है। पहले वही उपभोग करे, उसी का मालिकाना हक़ हो। सरकार और क़ानून को चाहिये कि वह भी इसी नीति का अनुसरण करे। इसे प्राथमिकता दे। क़ानून को इंसान बनाता है न कि इंसान को क़ानून। अतः ऐसे

ख़िलाफ़ क़ानून जो समाज हितैषी नहीं हों, उन्हें बदल डालें। आख़िर हम सरकारों को भी तो बदलते ही रहते हैं न।"

अरुण तिवारी द्वारा अरवरी संसद् पर सम्पादित पुस्तक 'अरवरी संसद्' के पेज 23 पर लिखा है कि गाँव, समाज, अतिथि और जन–सुनवाई के निर्णायक जस्टिस गुलाब सी. गुप्ता आदि सभी ने मिलकर औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर अरवरी नदी संसद् के गठन पर अपनी मोहर लगा दी। यह निर्णय अरवरी नदी के गाँव वालों के लिये रामबाण बन गया और उनका बचाखुचा सन्देह भी मिट गया। उन्हें पता चल गया कि वे सही हैं। क्योंकि इतने नामी गिरामी लोगों की मौजूदगी में आम सहमति से संसद् बनाने का फ़ैसला हुआ था। गाँव वालों के पास अहिंसा और संयम की शक्ति पहले से ही थी; अब नया उत्साह था .... नया रास्ता ! नया सपना !!

26 जनवरी 1999, मंगलवार को सबेरे 11 बजे प्रसिद्ध गांधीवादी सर्वोदयी नेता सिद्धराज ढड्ढा, जिन्होंने सन 1977 में लोकसभा की अध्यक्षता ठुकराई थी, की अध्यक्षता में हमीरपुर गाँव में संकल्प ग्रहण समारोह आयोजित हुआ और 70 गाँवों की 'अरवरी संसद्' अस्तित्व में आई। सब लोग समझ रहे थे और अनुभव भी कर रहे थे कि अरवरी संसद्, हक़ीक़त में एक ज़िन्दा नदी की जीवन्त संसद् है। इसलिये यदि नदी है तो संसद् है, यदि नदी नहीं, तो संसद् भी नहीं। उन्होंने अपनी संसद् के निम्नानुसार उद्‌देश्य तय किये –

- प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन करना
- समाज की सहजता को तोड़े बिना अन्याय का प्रतिकार करना
- समाज में स्वाभिमान, अनुशासन, निर्भयता, रचनात्मकता तथा दायित्वपूर्ण व्यवहार के संस्कारों को मज़बूत करना
- स्वावलम्बी समाज की रचना के लिये आवश्यक विचार–बिन्दुओं को लोगों के बीच ले जाना
- निर्णय प्रक्रिया में समाज के अन्तिम व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करना

ग्राम सभा की दायित्वपूर्ति में संसद् सहयोगी की भूमिका अदा करेगी, लेकिन जहाँ ग्राम-सभा तमाम प्रयासों के बावजूद निष्क्रिय ही बनी रहेगी वहाँ संसद् स्वयं पहल करेगी।

अरवरी संसद् के दायित्व निम्नानुसार हैं –

- संसद् में अपनी ग्राम-सभा का नियमित तथा सक्रिय प्रतिनिधित्व करना
- ग्राम-सभा तथा संसद् .... दोनों के कार्यो, निर्णयों तथा प्रगति से एक दूसरे को अवगत कराना तथा उनका लागू होना सुनिश्चित करना
